आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–28 अक्टूबर 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- उत्तर प्रदेश सहित बारह राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों का होगा विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर। आज से शुरू होगी गणना पत्रों की छपाई और बीएलओ का प्रशिक्षण।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की भारत स्काउट एण्ड गाइड्स के राष्ट्रीय जंबूरी आयोजन की तैयारियों की समीक्षा। कहा– इकसठ वर्षों बाद उत्तर प्रदेश को इसकी मेजबानी मिलना गौरव का विषय।
- लोक आस्था और सूर्योपासना का महापर्व छठ आज उगते हुए भगवान भाष्कर को अर्घ्य देने के साथ हुआ सम्पन्न। व्रती श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ की पूजा–अर्चना, बांटा प्रसाद।
- इसरो और एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इण्डिया के सहयोग से कुशीनगर में मॉडल राकेट्री प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले शुरू। कल चार मॉडल रॉकेट सफलतापूर्वक किये गये प्रक्षेपित।

**********

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश समेत 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर किया जाएगा। इसमें अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, लक्षद्वीप, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, पुद्दुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कल नई दिल्ली में कहा कि पहले चरण में बिहार में एसआईआर कामयाब रहा। पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूचियों को अधिक पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना है।

**सबने मिलकर मतदाता सूची को शुद्ध बनाने का कार्य किया और नतीजा आपके सामने है। जीरो अपील्स अर्थात बिहार की मतदाता सूची अधिकतम शुद्ध मानी जाएगी। अब फेज टू 12 राज्यों में या संघ शासित प्रदेशों में आरंभ होने वाला है।**

श्री कुमार ने कहा कि एसआईआर के दूसरे चरण में 51 करोड़ मतदाता शामिल होंगे। उन्होंने घोषणा की कि जिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर होगी, वहां की मतदाता सूचियां फ्रीज कर दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि गणना प्रपत्रों की छपाई और बूथ स्तर अधिकारी – बीएलओ का प्रशिक्षण आज से शुरू होगा। गणना प्रक्रिया 4 नवंबर से शुरू होगी, जबकि मसौदा मतदाता सूची 9 दिसंबर को और अंतिम मतदाता सूची 7 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में आयोजित बैठक में भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स के 19वें राष्ट्रीय जम्बूरी आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की। यह आयोजन 23 से 29 नवम्बर, 2025 तक लखनऊ स्थित डिफेंस एक्सपो ग्राउण्ड, सेक्टर–15, वृन्दावन योजना में आयोजित होगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि 61 वर्षों बाद उत्तर प्रदेश को इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आयोजन की मेजबानी मिलना राज्य के लिए गौरव का विषय है। यह अवसर युवा शक्ति के अनुशासन, राष्ट्रसेवा और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को सशक्त रूप में प्रस्तुत करेगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह आयोजन उत्तर प्रदेश की दक्षता, व्यवस्था, सुरक्षा और आतिथ्य क्षमता का परिचायक बने।

उधर, कल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी में आयोजित 'स्मृति प्राकट्योत्सव मेला–2025' में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि मुस्तफाबाद का नाम बदलकर कबीरधाम रखने का प्रस्ताव लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कबीरदास जी ने समाज की जातीय विषमताओं पर प्रहार कर के समाज में एकता और अखंडता का संदेश दिया था।

**********

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय ने कहा है कि आयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के सभी काम पूरे हो गए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्य मंदिर सहित परकोटे के छह मन्दिरों और शेषावतार मन्दिर का काम पूरा हो चुका है। इन सभी मंदिरों पर ध्वजदंड और कलश स्थापित कर दिए गए हैं। इसके अलावा सप्त मण्डप का निर्माण और दर्शनार्थियों की सुविधा से सीधे जुड़े सभी कार्य भी पूरे कर लिए गए हैं। 25 नवंबर को श्रीराम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण के साथ मंदिर का निर्माण पूरी तरह सम्पन्न हो जाएगा। अयोध्या जनपद के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ध्वजारोहण कार्यक्रम में शामिल होना प्रस्तावित है।

***अभी आदरणीय प्रधानमंत्री जी 25 नवंबर को आ रहे हैं और राम जन्मभूमि परिसर के विभिन्न जो मंदिर बने हैं और उनके द्वारा उस कार्यक्रम का लोकार्पण 25 नवंबर को होने वाला है तो उसकी भी तैयारियां प्रारंभ करनी गई है।***

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने डिजिटल अरेस्ट से जुड़े धोखाधड़ी के मामलों में कल सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी कर अब तक दर्ज की गई प्राथमिकी का विवरण मांगा है। न्यायालय ने देश में बढ़ती डिजिटल अरेस्ट की घटनाओं को देखते हुए सभी मामलों की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई को सौंपने पर भी विचार किया है। सर्वोच्च न्यायालय देश भर में डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए स्वतः संज्ञान लेते हुए 17 अक्टूबर से इस मामले की सुनवाई कर रहा था।

**********

लोक आस्था और सूर्योपासना का महापर्व छठ आज उगते हुए भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के साथ ही सम्पन्न हो गया। व्रती श्रद्धालुओं ने अर्घ्य देने के बाद लोगों में प्रसाद वितरित किया और अपना व्रत पूर्ण किया। एक रिपोर्ट–

**नहाय खाय के साथ शुरू हुआ चार दिवसीय महापर्व छठ आज उगते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही संपन्न हो गया। छठ पर्व को लेकर पूरे प्रदेश में विशेष रूप से पूर्वी उत्तर प्रदेश में लोगों में भारी उत्साह रहा। आज तड़के भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने, नदियों, सरोवरों और छठ पर्व के लिए बनाए गये अस्थायी पोखरो के किनारे उगते हुए भगवान सूर्य को पूरे विधि विधान से अर्घ्य अर्पित कर मंगलकामना की। इस दौरान जगह–जगह छठ पर्व से जुड़े पारम्परित लोक गीत गाए गए। इससे पहले कल शाम व्रती श्रद्धालुओं ने डूबते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। समाचार कक्ष से विवेक सिंह**

उधर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लखनऊ में आयोजित छठ पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि पर्व और त्योहार केवल एक आयोजन नहीं बल्कि हमारी सामाजिक एकता, आध्यात्मिक उन्नयन और भारत की प्राचीन विरासत के प्रतीक भी हैं।

**********

कुशीनगर के तमकुहीराज में इन–स्पेस मॉडल रॉकेट्री–कैनसेट इंडिया स्टूडेंट कॉम्पटीशन 2024–25 के ग्रैंड फिनाले की शुरुआत हो गई है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और एस्ट्रोनॉटिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया के सहयोग से आयोजित प्रतिस्पर्धा के पहले दिन कल चार मॉडल रॉकेट सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किए गए। इन स्पेस के डायरेक्टर प्रमोशन डॉ. विनोद कुमार ने बताया कि भारत में पहली बार छात्रों द्वारा निर्मित रॉकेट का सफल प्रक्षेपण किया गया जो बेहद गर्व की बात है। बाइट.....(5)

***हमने पहली बार इंडिया में चार सक्सेसफुल मॉडल रॉकेट लॉन्च किए जो 7000 से ज्यादा सेंटीमीटर क्यूब के सैटेलाइट थे, जिनको छात्रों ने खुद निर्मित किया था। चारों एक बार पांच–पांच मिनट के अंतर पर उनको छोड़ना यह अपने आप में एक रिकॉर्ड है और चारों सक्सेसफुली डिप्लॉय हुए हैं और उनका पैराक्यूट आते हुए सभी ने आंखों से देखा है।***

**********

जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों तक पहुंच रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इलेक्ट्रॉनिक्स पर नई दरें लोगों के लिए बहुत मददगार साबित हो रही हैं। एक रिपोर्ट

**जीएसटी 2.0 में सरकार ने एयर कंडीशनर, डिशवॉशर और टेलीविजन जैसी वस्तुओं पर जीएसटी को घटाकर 18ः कर दिया है जो पहले 28ः हुआ करता था। इस निर्णय से इन वस्तुओं की कीमतों में कमी के साथ–साथ घरेलू निर्माताओं के लिए भी बाजार का आकार बढ़ा है। इसी प्रकार सूचना और संचार प्रौद्योगिकी से जुड़े हार्डवेयर वस्तुएं, जैसे मॉनिटर और प्रोजेक्टर पर भी कर की दर को 28ः से घटाकर 18ः कर दिया गया है। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली ।**

**********

प्रदेश के कई जनपदों में कल से रूक रूक कर हो रही हल्की से तेज बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग ने आज अनेक स्थानों पर अधिकतम तापमान में 5 से 8 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने का अनुमान जताया है। वहीं न्यूनतम तापमान में आगामी 4 से 5 दिनों तक कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने की संभावना है।

**********